STATE BAR COUNCIL OF MADHYA PRADESH

(Statutory Body Constituted under the Advocates Act, 1961)
High Court Premises, Jabalpur - 482007 (M.P.)

HIGH POWERED ELECTION COMMITTEE

Justice Sushil Kumar Palo (Former Judge)
Returning Officer
Mob.: 9425006060, 6261311871

Email: sec.hpec@gmail.com
Website: www.sbcofmp.org
Tele.: 0761-4700083

Ref. No. SBC/MP/Elec. 2026/ 17 /2026

Date : 13.03.2026

प्रति,

अध्यक्ष/सचिव,
समस्त अधिवक्ता संघ,
मध्य प्रदेश।

विषयः मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव-2026 से संबंधित आवश्यक सूचनाओं के संबंध में।

महोदय,

यह सूचित किया जाता है कि मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव-2026 के संचालन के संबंध में राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा विभिन्न आवश्यक सूचनाएँ, अधिसूचनाएँ तथा दिशा-निर्देश समय-समय पर जारी किए जा रहे हैं। इन सूचनाओं में प्रोविजनल मतदाता सूची, आपत्तियों हेतु निर्धारित प्रक्रिया, अंतिम मतदाता सूची, नामांकन प्रक्रिया, मतदान केंद्रों की जानकारी तथा अन्य आवश्यक चुनाव संबंधी निर्देश सम्मिलित हैं।

अधिवक्ताओं की जानकारी एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चुनाव संबंधी सभी अधिसूचनाएँ, दिशा-निर्देश, प्रोविजनल मतदाता सूची, अंतिम मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की सूची तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज राज्य अधिवक्ता परिषद की आधिकारिक वेबसाइट www.sbcofmp.org.in पर उपलब्ध कराए गए हैं। सभी अधिवक्ता संघों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने-अपने अधिवक्ताओं को उक्त वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध सूचनाओं से अवगत कराएँ।

यह भी अवगत कराया जाता है कि चुनाव प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार हाई पावर्ड इलेक्शन कमेटी का गठन किया गया है तथा निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा समय-समय पर निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित की जाएगी। इसके अतिरिक्त चुनाव के दौरान निर्धारित मॉडल आचार संहिता का पालन करना सभी प्रत्याशियों एवं मतदाताओं के लिए अनिवार्य होगा।

अतः सभी अधिवक्ता संघों से अनुरोध है कि वे अपने संघ के सदस्यों से राज्य अधिवक्ता परिषद की आधिकारिक वेबसाइट www.sbcofmp.org.in का अवलोकन करने हेतु सूचित करें, जिससे चुनाव प्रक्रिया से संबंधित समस्त जानकारी उन्हें समय पर प्राप्त हो सके।

Palo 13.III.2026

न्यायमूर्ति एस. के पालो (पूर्व न्यायाधीश)
निर्वाचन अधिकारी
मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद

न्यायमूर्ति एस. के. पालो (पूर्व न्यायाधीश)
निर्वाचन अधिकारी
मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद

Scanned with OKEN Scanner